"अबेकस और वैदिक गणित आधारित कौशल गतिविधि"

आज दिनांक 13 जुलाई 2021 को अग्रवाल महाविद्यालय में "उद्यमिता एवं कौशल विकास केन्द्र" द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय था "अबेकस और वैदिक गणित आधारित कौशल गतिविधि"। यह विषय समय की मांग के अनुरूप बहुत तर्कसंगत था क्योंकि अबेकस का उपयोग सीखने के लिए एक उपकरण के रूप में किया जाता है सबसे पहले वैदिक मैथ ही का प्रयोग ही गणना के लिए किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप कनिका चावला जी उपस्थित थी । इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। इस विशेष कार्यशाला के संयोजक श्री रवींदर जैन थे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ० रेखा सैन ने सभी के स्वागत भाषण से किया तथा डॉ० सारिका ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि हमें गणित को आसान बनाने के लिए अबेकस की तकनीकों को प्रयोग में लाना चाहिए हमें अपने मन से गणित के डर की मानसिकता को निकाल देना उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस तरह से हम अपने सामान्य जीवन में कठिन से कठिन गणनाओ को आसान तरीके से कैलकुलेट कर सकते हैं उन्होंने विद्यार्थियों को बहुत सरल उदाहरणों के द्वारा समझाया विद्यार्थियों ने भी उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बहुत ही जल्दी उत्तर दीया । यह कार्यक्रम बहुत संवादात्मक था कनिका चावला जी ने श्रोतागणों से प्रश्न पूछे और श्रोतागणों की जिज्ञासा को शांत किया व साथ ही साथ श्रोतागणों ने भी कनिका चावला से प्रश्न पूछ अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इस विशेष कार्यशाला के संयोजक श्री रवींदर जैन जी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस कार्यक्रम की आयोजन समिति में डॉ० सारिका, डॉ० रेखा सैन, डॉ० शिल्पा गर्ग, और डॉ० डिम्पल थी महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों को बधाई दी।